(श्रीमती -अंजना माझी)

परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय -6 (मुंबई)

कक्षा -आठ (हिन्दी)

पाठ -2

लाख की चूड़ियाँ

कार्य - पत्रक (बहुविकल्पीय) सत्र - 2020-21

1. लाख की चूड़ियाँ कौन बनाता था ?
(क) लेखक का मामा (ख) लेखक (ग) बदलू (घ) जनार्दन

2. बदलू कैसी चूड़ियाँ बनाता था ?
(क) काँच की (ख) सोने की (ग) लाख की (घ) चाँदी की

3. बदलू कौन था ?
(क) लोहार (ख) सुनार (ग) मनिहार (घ) बढ़ई

4. लेखक दिन के किस समय बदलू से मिलता था ?
(क) रात में (ख) सवेरे (ग) दोपहर में (घ) शाम में

5. बदलू प्रतिदिन कितनी चूड़ियाँ बना लिया करता था ?
(क) तीन-चार जोड़े (ख) चार-पाँच जोड़े (ग) चार-छः जोड़े (घ) छः -सात जोड़े

6. बेलन पर चढ़ी चूड़ियाँ बदलू को कैसी लगती थी ?
(क) नई जैसी (ख) नारी की कलाइयों जैसी (ग) बहुत सुन्दर (घ) नव-वधु की कलाइयों पर सजी

7. पिता की बदली होने पर लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा ?
(क) वह उदास हो गया (ख) वह मामा के घर न जा सका
(ग) उसे नए मित्र मिले (घ) मामा का घर नजदीक हो गया

8. रज्जो कौन थी ?
(क) लेखक के मामा की लड़की (ख) लेखक के पड़ोसी की लड़की
(ग) बदलू की लड़की (घ) बदलू की भतीजी

9. 'पैतृक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है ?
(क) क (ख) इक (ग) अक (घ) ऋक

10. लेखक को बदलू क्या कहकर बुलाता था ?

(क) भांजा (ख) बच्चा (ग) लला (घ) कामतानाथ

11. बदलू का पैतृक पेशा क्या था ?

(क) काँच की चूड़ियाँ बनाना (ख) लाख की चूड़ियाँ बनाना (ग) खेती करना (घ) सब्जी बेचना

12. बदलू की बनाई चूड़ियों की खपत कहाँ होती थी ?

(क) शहरों में (ख) कस्बों में (ग) आस-पास के गाँव में (घ) दुसरे शहरों में

13. 'फबना' का अर्थ क्या है ?

(क) अच्छा न लगना (ख) सुन्दर लगना (ग) दिखाई न देना (घ) लौटाना

14. बदलू कहाँ का रहने वाला था ?

(क) लेखक के गाँव का (ख) लेखक के पडोस के गाँव का

(ग) लेखक के मामा के गाँव का (घ) इनमे से कोई नही

15. 'मुद्रा-विनिमय' का अर्थ है ?

(क) पैसों के बदले वस्तुओं का आदान प्रदान (ख) वस्तुओं के बदले वस्तुओं का आदान-प्रदान

(ग) किसी को उपहार देना (घ) इनमे से कोई नही

16. 'खपत' का अर्थ है -

(क) खर्च होना (ख) माँग (ग) माँगना (घ) देना

17. बदलू को किस बात से चिढ़ थी ?

(क) घर में मेहमान के आने से (ख) लाख की चूड़ियों से

(ग) काँच की चूड़ियों से (घ) चूड़ियों के उचित दाम न मिलने से

18. 'नाजुक' का विलोम शब्द क्या होगा ?

(क) मुलायम (ख) कठोर (ग) मजबूत (घ) नर्म

19. 'संभव' का विलोम शब्द होगा -

(क) मुमकिन (ख) असंभव (ग) न हो पाना (घ) इनमे से कोई नही

20. लेखक मामा के गाँव कब जाता था ?

(क) हमेशा हर महीने (ख) गर्मी की छुट्टियों में (ग) कभी-भी (घ) अक्सर

(श्रीमती - अंजना माझी)